# आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का उपक्रम)
प्रथम तल उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।
Email md@idabihar.com Web-www.idabihar.com Phone/ 0612-2675933,2675935 Fax: 0612-2675934


पत्रांक.................

दिनांक ..................

प्रेषक,

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)

सेवा में,

**Registered Post & E-Mail**

**Maharaja Construction**
Hotel Maharaja Inn, Rajendra Path
Patna- 800 001
E-mail id-maharajadec@gmail.com

विषय: **Construction of Plug and Play Prefabricated Shed at Industrial Area, Bihta, Patna Phase-4 कार्य हेतु Debar करने के संबंध में।**

प्रसंगः प्राधिकार के पत्रांक 4733/Tech दिनांक 29.08.23 एवं आपका पत्रांक MAH/BIHTA/31/2023 दिनांक 02.09.2023.

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि Construction of Plug and Play Prefabricated Shed at Industrial Area, Bihta, Patna Phase-4 का एकरारनामा सं0 41/SBD/2022-23 दिनांक 11.12.2022 किया गया है, जिसके अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि दिनांक 05.11.2022 एवं कार्य पूर्ण करने की तिथि 04.05.2023 थी। उक्त परियोजना को पूर्ण करने की अवधि वर्त्तमान में समाप्त हो चुकी है। परंतु अबतक आपके द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है।

उक्त के संदर्भ में प्राधिकार के पत्रांक 4733/Tech दिनांक 29.08.23 द्वारा स्पष्टीकरण निर्गत किया गया है जिसके आलोक में आपके पत्रांक MAH/BIHTA/31/2023 दिनांक 02.09.2023 द्वारा स्पष्टीकरण का प्रत्युत्तर कार्यालय को प्राप्त हुआ है। आपके द्वारा समर्पित प्रत्युत्तर की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत निम्न तथ्य प्रकाश में आये है:–

कार्य का स्वरूप बदल जाने के कारण पुनरीक्षित BOQ के आधार पर Maharaja Construction द्वारा पूरक एकरारनामा किया गया है। पूरक एकरारनामा में यह प्रावधान अंकित है कि मूल एकरारनामा का सभी शर्त्ते संवेदक के द्वारा मान्य होगें। संवेदक द्वारा दिनांक 16.06.2023 को समर्पित Work Program के अनुसार दिनांक 16.08.2023 तक Structural Steel का कार्य पूर्ण किया जाना था, परंतु दिनांक 25.08.2023 तक 40 Columns में से 35 Columns, 220 Beams में से 20 Beams एवं कुल 420 Joist में से शुन्य के Erection का कार्य पूर्ण किया गया है। अतः संवेदक द्वारा समर्पित Work Program के अनुसार अबतक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। अतः संवेदक द्वारा समर्पित Work Program के अनुसार अबतक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। उक्त परियोजना एकरारनामा के अनुसार अत्यंत मंद गति से क्रियान्वित किया जा रहा है। जिससे स्पष्ट होता है कि किसी परिस्थति में प्रासंगिक योजना को प्रावधानित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना संभव नहीं है।

अतः Maharaja Construction द्वारा प्रदत्त स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए उनके **निबंधन संख्या–IDA/11/Class-1/2022** को भविष्य में किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किया जाता है।

विश्वासभाजन

ह0/–

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)

ज्ञापांक 5143/PI दिनांक 16/9/23

प्रतिलिपिः जन–संपर्क पदाधिकारी, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/9/23

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)